कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 31.03.2024

विषय:- थाना दशाश्वमेध पुलिस द्वारा गुमशुदा को उनके परिजन से मिलाया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में काशी क्षेत्र में पर्यटन की दृष्टि से आये पर्यटकवृंद में सुरक्षा की भावना व सुलभ पर्यटन/दर्शन हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन व अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध के कुशल नेतृत्व में दिनांक 26.03.2024 को शीतला घाट के पास में अपने परिजनों से बिछड़े वयोवृद्ध पर्यटक राम प्रकाश छिपा पुत्र हरबक्श छिपा निवासी जयपुर राजस्थान लगभग उम्र 70 वर्ष को आज दिनांक- 31.03.2024 को थाना दशाश्वमेध के क्राइम टीम द्वारा खोजकर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 26.03.2024 को श्री राम प्रकाश छिपा पुत्र हरबक्श छिपा निवासी जयपुर राजस्थान अपनी पत्नी व बेटे के साथ श्री काशी विश्वनाथ दर्शन व पूजन के दृष्टिगत वाराणसी आये थें। दिनांक 26.03.2024 को श्री राम प्रकाश छिपा अपने परिजन से थाना क्षेत्रांतर्गत शीतला घाट से बिछड़ गये जिसके सम्बन्ध में श्री राम प्रकाश छिपा की पत्नी श्रीमती लज्जों देवी द्वारा थाना दशाश्वमेध में गुमशुदगी दर्ज कराया गया। आवेदिका श्रीमती लज्जों देवी द्वारा बताया गया गुमशुदा श्री राम प्रकाश छिपा मानसिक रूप से भी पूर्ण स्वस्थ नहीं है। गुमशुदगी दर्ज होने के उपरान्त थाना स्थानीय के क्राइम टीम द्वारा अथक परिश्रम करते हुए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फूटेज तथा कमाण्ड सेन्टर वाराणसी की सहायता से आज दिनांक- 31.03.2024 को कालभैरव मंदिर के पास से सही सलामत बरामद किया गया। परिजन को सूचित कर गुमशुदा श्री राम प्रकाश छिपा को उनके परिजन पत्नी व बेटे को सकुशल सुपुर्द किया गया।

- **गुमशुदा को बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**
  1. उ0नि0 शुभेन्द्रु दीक्षित, क्राइम टीम प्रभारी दशाश्वमेध कमिश्नरेट वाराणसी
  2. का0 भूपेन्द्र सिंह थाना दशाश्वमेध, कमिश्नरेट वाराणसी
  3. का0 मयंक भूषण थाना दशाश्वमेध, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, जोन काशी
कमिश्नरेट वाराणसी